तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 17 मई 2026

10 महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए किया व्रत


14 वट सावित्री पर महिलाओं ने की बरगद पेड़ की पूजा


[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]


**खबर संक्षेप**

## तलवारनुमा चाकू लहराकर डराने वाला बदमाश गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** जिले में आम जनता की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल लगातार असरदार साबित हो रही है। इस सेल को मिल रही सूचनाओं के आधार पर पुलिस को आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने और अपराधियों की धरपकड़ में बड़ी कामयाबी मिल रही है। इसी कड़ी में 16 मई को आम लोगों के बीच तलवारनुमा चाकू लहराकर दहशत फैलाने वाले शेष पेज 13 पर

### भाटापारा रेलवे स्टेशन पर चला टिकट चेकिंग अभियान

# बिना टिकट 193 यात्री पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा



वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के निर्देश पर भाटापारा रेलवे स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करने वाले लगभग 193 यात्री पकड़े गए, जिससे 1,56,025राजस्व प्राप्त हुआ। अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 91 यात्रियों से 48, 895 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ। अधिक लगेज लेकर यात्रा करने वाले 21 यात्रियों से 2100 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ और रेलवे स्टेशन पर कचरा फैलाने वाले 37 यात्रियों से 3700 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ।

इस किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान में कुल 342 मामलों को दर्ज कर 2,07, 720 रुपए राजस्व प्राप्त किया गया। इस टिकट चेकिंग का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को टिकट लेने के प्रति जागरूक करना था। टिकट चेकिंग अभियान का संचालन सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद द्वारा एवं 1 मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, 1 वाणिज्य निरीक्षक, 16 टिकट चेकिंग स्टाफ, 2 आरपीएफ स्टाफ शामिल रहे। रेल प्रशासन यात्रियों को आगाह करता है कि वे यात्रा हेतु उचित टिकट एवं रेल परिसर में प्रवेश करने के पहले प्लेटफॉर्म टिकट अवश्य खरीदें। रेलगाड़ी एवं रेल परिसर को साफ सुथरा रखने में भी रेल प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

# पीएम की अपील पर कांग्रेसी भड़के महंगाई को लेकर केंद्र को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार-भाटापारा की अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे के नेतृत्व में सोमवार को प्रधानमंत्री की अपील व बढ़ती महंगाई के विरोध में जिला स्तरीय पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता एवं रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय मुख्य रूप से उपस्थित रहे।पत्रकारों को संबोधित करते हुए विकास उपाध्याय ने कहा कि बीते दो माह से डीजल, पेट्रोल व रसोई गैस की कमी और महंगाई से जूझ रही जनता के बीच प्रधानमंत्री की अपील लोगों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसी है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को उर्वरक कम उपयोग करने, आम लोगों को 'वर्क फ्रॉम होम' शेष पेज 13 पर



### पेट्रोल-डीजल पर टैक्स घटाने की मांग

महंगाई पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 की तुलना में आवश्यक वस्तुओं के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। आटा, गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल सहित सोने की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है, जिससे आम आदमी पर आर्थिक दबाव बढ़ा है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों पर अधिक कर लगाकर जनता पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार से पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम कर आम जनता को राहत देने की मांग की। साथ ही बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को लेकर सरकार की नीतियों की आलोचना की गई।






# अवैध ईंट भट्टों के संचालन पर खनिज विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लवन



तहसील लवन के अंतर्गत आने वाले गांव तिल्दा, भालुकोना, हरदी, पहंदा, दातान, कोयदा सहित अन्य गॉव में अवैध रूप से बनाए ईंट भट्ठों पर जिला प्रशासन खनिज विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही पिछले दिनों देखने को मिला था। कार्यवाही के दौरान विभिन्न ने तिल्दा, हरदी में बड़े पैमाने पर कार्यवाही किये गए हैं।इस संबंध में खनिज निरीक्षक भूपेंद्र कुमार भक्त ने बताया कि हरदी में उपसरपंच प्रतिनिधि परदेशी राम कैवर्त, तिल्दा में मनीराम, मनहरण कैवर्त वगैरह के अवैध ईट भट्ठो पर कार्यवाही किये हैं। आगे भी कार्यवाही किये जाने की बात बताया,गौरतलब हो कि ईद भट्ठो के धुएं से पर्यावरण प्रदूषित होता है जिससे जन जीवन असुरक्षित महसूस करते हैं । इसके अलावा ईंट लोडिंग ट्रैक्टर के चलने से सड़कों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। परदेसी कैवर्त उपसरपंच प्रतिनिधि हरदी के विरुद्ध 60 हजार के ऊपर की कार्यवाही होने की बात भी खनिज विभाग ने बताया है।

# घर में घुसकर महिला से मारपीट करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी



तालाब का पानी और मछली बह जाने के पुराने विवाद को लेकर एक महिला के घर में जबरन घुसकर जानलेवा धमकी देने और मारपीट करने वाले 6 आरोपियों को पलारी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम गातापार निवासी प्रार्थिया राजकुमारी वर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक, 19 अप्रैल को बिना पूछे गांव के तालाब को फोड़ (तोड़) दिया गया था, जिससे तालाब की सारी मछलियां बह गईं। इसी बात की रंजिश को लेकर अगले दिन यानी 20 अप्रैल को आरोपी सदेशन चंदेल, प्रभा चंदेल और उनके अन्य साथी जबरन राजकुमारी के घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए महिला को जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों से ताबड़तोड़ मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में प्रार्थिया के गाल, चेहरे और कोहनी में शेष पेज 13 पर




## खबर संक्षेप



### रवान में हुई वट सावित्री पूजा

**बलौदाबाजार**। ग्राम रवान में महिलाएं वट सावित्री का पूजा की। इस दौरान पति की दीर्घायु की कामना की।

### महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए किया व्रत



**भटगांव**। वट सावित्री पर नगर शहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों और बरगद पेड़ों के आसपास पूजा करने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने पूजा की थाली फल फूल धूप दीप और पूजा सामग्री के साथ बरगद के पेड़ की विधिवत पूजा अर्चना की और अपने पति की लंबी उम्र सुख समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने बरगद के पेड़ में धागा बांधकर अखंड शौभाग्य का आशीर्वाद मांगा पूजा को लेकर नगर के विभिन्न जगहों पर भक्तिमय महौल देखने को मिला।

### महिलाओं ने बरगद पेड़ की परिक्रमा की



**गिधौरी**। शनिवार को सुहागिन महिलाओं ने पति के दीर्घायु जीवन की कामना के लिए निर्जला व्रत रखकर वट सावित्री की पूजा बरगद पेड़ की परिक्रमा कर की। पंडित मुकेश शर्मा द्वारा पूजा कथा सुनाई गई।

### बिनौरी की सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा



**पलारी**। बिनौरी की सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा की और पति की लंबी उम्र सुख समृद्धि एवं सपरिवार की खुशहाली की कामना की प्रार्थना की। इस अवसर पर सरपंच किरण साहू, पूजा यादव, ममता साहू, चित्ररेखा सेन, अश्वनी सेन, दुर्गा वर्मा, हेमलता सेन उपस्थित थीं।

### ग्रामीणों ने मजदूरी भुगतान की शिकायत कलेक्टर से की

**बलौदाबाजार**। जिले के लच्छनपुर समिति में समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2025-26 के दौरान कथित अनियमितताओं और मजदूरी भुगतान में लापरवाही को लेकर प्रभावित कर्मचारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की है। आवेदक गंगाराम साहू, सोनू राम यादव, हरीश साहू एवं कुलदीप यदु सहित अन्य ने आरोप लगाया है कि प्रभारी समिति प्रबंधक द्वारा धान खरीदी कार्य में संलग्न वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नियुक्त कर्मचारियों का पारिश्रमिक अब तक नहीं दिया गया है। बताया गया कि हड़ताल के चलते नियमित कर्मचारियों की अनुपस्थिति में प्रशासन के निर्देश पर कंप्यूटर ऑपरेटर एवं दैनिक मजदूर के रूप में इन लोगों ने 15 नवंबर 2025 से धान खरीदी कार्य में योगदान दिया था, लेकिन कई महीनों बाद भी भुगतान लंबित है।शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि प्रबंधक द्वारा कथित रूप से भ्रष्टाचार करते हुए संस्था की राशि का दुरुपयोग किया गया।

## सुशासन शिविर : पंचायत भवन निर्माण एवं स्कूल मैदान समतलीकरण की मिली स्वीकृति

# समाधान शिविर में 430 हितग्राहियों को मिले विभिन्न योजनाओं के चेक, सामग्री व सम्मान पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

सुशासन तिहार में लोगों की समस्याओं का समाधान होने के साथ ही अनेक सौगाते भी मिल रही है। विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत कुसमी में शनिवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने लगभग 430 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत चेक सामग्री एवं सम्मान पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने लोगों की मांग पर ग्राम कुसमी में नवीन पंचायत भवन निर्माण एवं मिडिल स्कूल के खेल मैदान का समतली करण की घोषणा की। हमारी सरकार ने घोषणा पत्र में किये अधिकांश वायदों को पूरा कर दिया है। इसमें प्रमुख रूप से 18 लाख पीएम आवास स्वीकृति, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31रुपए प्रति क्विंटल की दार से खरीदी, महतारी वंदन योजना हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हर गरीब को पक्का मकान देने पीएम आवास योजना लागू किया है। अब गांव में हर जगह पक्के मकान दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में सभी विभागों के अधिकारी पहुंचे हैं और शालीनता पूर्वक लोगों की समस्या का निराकरण कर कर रहे हैं।.



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बताया कि शिविर में लगभग 400 आवेदन मिले हैं इन सभी आवेदनों का सम्बंधित विभाग द्वारा निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार जिले में जल संचय हेतु मोर गांव, मोर पानी अभियान चलाया जा रहा हैं। जल संचय वाहिनी एवं लोगों की भागीदारी से गांव -गांव में सोखता गड्ढा का निर्माण किया जा रहा हैं अब तक एक लाख से अधिक सोखता गड्ढा बन चुका हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पेट्रोल -डीजल की मितव्ययिता को बढ़ावा दिया जा रहा हैं। सभी अधिकारी पूल वाहन का उपयोग कर रहे हैं। पेट्रोल पम्प की नियमित समीक्षा की जा रही हैं। सभी को समान रूप से पेट्रोल -ड़ीजल मिले इसकी व्यवस्था की जा रही है।

### 2 घंटे में हो गया बुजुर्ग जगदीश की समस्या का समाधान

**बलौदाबाजार**। विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत कुसमी में शनिवार को सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में एक संवेदनशील दृश्य देखने को मिला जब कलेक्टर कुलदीप शर्मा एक बुजुर्ग के पास बैठकर समस्या सुनी और खुद बुजुर्ग आवेदक के लिये आवेदन लिखा। कलेक्टर ने आवेदन पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश एसडीएम को दिये जिस कार्यवाही करते हुए पर 2 घंटे में समस्या का समाधान कर दिया गया।

■ 0कलेक्टर ने बुजुर्ग ग्रामीण के लिए लिखा आवेदन

ग्राम गातापार निवासी लगभग 70 वर्षीय बुजुर्ग जगदीश प्रसाद वर्मा सुशासन शिविर में अपनी समस्या लेकर पहुंचे थे। फॉर्म लेकर आवेदन लिखने की जद्दोजहद कर रहे थे उसी समय स्टॉल अवलोकन के दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा की नजर उन पर पड़ी तो नजदीक जाकर आत्मीयता से बात की। जगदीश वर्मा ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा शासकीय भूमि में अतिक्रमण कर रास्ता बंद कर दिया है। रास्ता के लिये आवेदन देने आया हूं लेकिन आवेदन लिखने में परेशानी हो रही है। इस पर कलेक्टर श्री शर्मा ने बुजुर्ग जगदीश वर्मा के पास बैठकर उनसे फॉर्म लेकर आवेदन लिखा और भरोसा दिलाया कि उनकी समस्या का तत्काल समाधान होग़ा।



कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व अमले द्वारा ग्राम गातापार पहुंचकर जगदीश प्रसाद वर्मा और अनावेदक भुलाऊ निषाद का समझौता कराकर आपसी सहमति से निस्तारी हेतु 10 फीट रास्ता दिलवाया गया। जिला प्रशासन की त्वरित कार्यवाही से खुश जगदीश प्रसाद वर्मा ने कहा कि भुलाऊ निषाद द्वारा शासकीय जमीन में दीवाल खड़ा कर दिया था जिससे निस्तारी के लिये रास्ता बंद हो गया था। प्रशासन के कार्यवाही से पूरी तरह संतुष्ट हूं।

### सुशासन तिहार में अब तक 4 हजार से अधिक हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण

बलौदाबाजार । सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आ रहे हितग्राहियों का कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के इंस्टाल पर डॉक्टर नर्स सहित जरूरी चिकित्सा स्टाफ की ड्यूटी भी लगाई गई है । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी ने बताया कि शिविर में 4 हजार से अधिक हितग्राहियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसमें 2493 लोगों ने बीपी,2404 लोगों ने शुगर, 954 लोगों ने नेत्र परीक्षण कराया जबकि 1135 लोगों की सिकल सेल जाँच की गई। इसमें 37 बीपी, 47 शुगर के मरीज मिले जिन्हें तत्काल निःशुल्क उपचार दिया गया। ऐसे ही 171 लोगों को चश्मा वितरण किया गया। उक्त शिविर में 1378 लोगों ने अपना एक्सरे भी कराया। 288 लोगों के नए आयुष्मान कार्ड भी शिविर में बनाये गए ।शिविर में रोग पाए जाने पर मरीज को संभव होने पर स्थल पर ही निःशुल्क उपचार दिया जाता है। आवश्यक होने पर उच्च संस्था में उपचार हेतु भी भेजा जाता है।



### सुशासन तिहार में अधिकारी पुल वाहन से पहुंचे शिविर

बलौदाबाजार। पश्चिम एशिया में उत्पन्न संकट को दृष्टिगत रखते हुए पेट्रोल -डीजल की मितव्ययिता एवं संसाधनों का बेहतर उपयोग हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार शनिवार को जिला अधिकारियों ने सामूहिक रूप से एक बस में सवार होकर विकासखंड पलारी अंतर्गत समाधान शिविर कुसमी पहुंचे। प्रशासन की पहल एवं अधिकारियों की सादगीपूर्ण व्यवहार ने लोगों को प्रेरक सन्देश दिया। सभी अधिकारी पहले कलेक्टोरेट परिसर में एकत्रित हुए। इसके पश्चात यहां खड़ी बस में सहर्ष सवार हुए और बस अधिकारियों को लेकर कुसमी शिविर के लिये रवाना हुई। गौरतलब है कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसाधनों की संयमित उपयोग एवं सामूहिक उत्तरदायित्व निभाने देशवासियों से अपील की है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर जिला प्रशासन द्वारा सभी जिला अधिकारी एवं उनके अधीनस्थ अधिकारियों सुशासन शिविर या अन्य दौरे में जाते समय पुल वाहन का उपयोग करने के निर्देश दिये गये है।



# लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

रायपुर ग्रामीण पुलिस ने राहगीरों से लूटपाट करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गए मोबाइल, एटीएम कार्ड, वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और एक घातक अवैध चाकू जब्त किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

■ रात के अंधेरे में चाकू के बल पर देते थे घटना को अंजाम

जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ने 15 मई को थाना खरोरा में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक 14 मई की रात करीब 9.30 बजे प्रार्थी अपने साथी शुभम ध्रुवंशी के साथ मोटरसाइकिल से सारागांव से पेट्रोल लेकर पवनी जा रहा था।

जैसे ही वे ग्राम सारागांव निलजा मोड़ बांस टाल के पास पहुंचे, तभी मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उन्हें जबरन रोक लिया। बदमाशों ने डरा-धमकाकर प्रार्थी का वीवो Y18i मोबाइल कीमत करीब 8,000 हजार, मोबाइल कवर में रखा एसबीआई बैंक का एटीएम कार्ड, 1,200 नगद और उसके साथी शुभम ध्रुवंशी की जेब में रखा वीवो Y31 प्रो मोबाइल कीमत करीब 12,000 लूट लिया और अपनी बाइक से फरार हो गए।



लूट की इस गंभीर वारदात के बाद पुलिस हरकत में आई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर (ग्रामीण) के दिशा-निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के मार्गदर्शन और एसडीओपी (विधानसभा) रायपुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेह के घेरे में आए दो युवकों सुरेन्द्र उर्फ छोटू मंडावी और रवि मंडावी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया।

आरोपी सुरेन्द्र उर्फ छोटू मंडावी से वारदात में इस्तेमाल की गई काले रंग की टीवीएस रेडियॉन क्रमांक सीजी 04 एमके 9221 और एक अवैध घातक चाकू, आरोपी रवि मंडावी से लूटा गया वीवो Y18i मोबाइल और कवर में रखा एसबीआई का एटीएम कार्ड जब्त किया गया।

खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार किया। नियमानुसार गिरफ्तारी की सूचना आरोपियों के परिजनों को दी गई, जिसके बाद दोनों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि इन आरोपियों ने क्षेत्र में ऐसी और कितनी वारदातों को अंजाम दिया है।

## महिलाओं ने बरगद पेड़ को बांधा धागा



**कसडोल**। इस साल वट सावित्री व्रत 16 मई को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने पूजा थाली में गुड़, भीगे हुए चने, आटे से बनी हुई मिठाई, कुमकुम, रोली, मोली, 5 प्रकार के फल, पान का पत्ता, धुप, घी का दीया व जल लेकर बरगद पेड़ के नीचे पहुंची। फिर पेड़ की जड़ में पानी और प्रसाद चढ़ा कर दीपका जलाया और भगवान से पति के लिए लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। फिर सावित्री मां से आशीर्वाद लेकर और पेड़ के चारों ओर कच्चे धागे से 7 बार बांधकर प्रार्थना की।

नगर में श्याम बाई साहू, भगवती साहू पार्षद, शकुंतला साहू सभापति, निर्मला साहू, सरस्वती साहू, रूखमणी जायसवाल, रष्मीकिरन जायसवाल, भारती साहू, सोनम साहू, पुष्पा साहू, संगीता साहू, पूनम मनहर, नेहा टंडन, रीता साहू विद्या नगर, बजरंग चौक, बलार चौक, पारस नगर, ब्लॉक कालोनी, बगदेवी चौक सहित कसडोल अंचल के असंख्य सुहागिन महिलाओं द्वारा वट सावित्री का व्रत श्रद्धा पूर्वक मनाया।

## कलेक्टर पद्मिनी साहू ने पेट्रोल पंप संचालकों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

कलेक्टर पदमिनी भोई साहू ने पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति के संबंध में जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों के साथ की बैठक ली। उन्होंने अतिआवश्यक सेवाओं वाले सभी प्रकार के एम्बुलेंस, हॉस्पिटल डीजी सेट, फायर ब्रिगेड और शासकीय वाहन को पेट्रोल-डीजल देने के निर्देश दिए। साथ ही जिले के सभी अधिकारियों कर्मचारियों को शासकीय वाहन का मितव्ययिता के साथ उपयोग करने के निर्देश दिए। साथ ही किसान, आम उपभोक्ता, ट्रांसपोर्टर आदि के वाहनों के लिए तय सीमा में पेट्रोल-डीजल देने कलेक्टर ने पंप मालिकों को निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा सभी डीजल पम्प में आवश्यक निगरानी हेतु दैनिक विक्रय रिकॉर्ड एवं अन्य गतिविधि की जानकारी हेतु समस्त ओएमसी कंपनी/खाद्य विभाग को पम्पों द्वारा तत्काल सीसीटीवी का एक्सेस उपलब्ध कराया जाएगा। रिफ्यूलर टैंकर से आपूर्ति पूर्णता बंद रखेंगे। यह निर्देश पेट्रोल पम्प को दिए गए, ताकि पेट्रोल/डीजल की उपलब्धता बनी रहे।

■ पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति और वितरण करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने पंप संचालकों को कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं देते हुए रोजाना खपत के अनुसार पेट्रोल-डीजल का वितरण करें। पुराने चिन्हित सभी ग्राहकों के तय सीमा से अधिक का पेट्रोल-डीजल खरीदी की मांग करने पर उन्हें जिला प्रशासन द्वारा तय सीमा में ही पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराएं। साथ ही अवैध भंडारण और कालाबाजारी नहीं करने के लिए आम उपभोक्ताओं को समझाए। जिला प्रशासन द्वारा वाहनों के प्रकार एवं क्षमता अनुसार पेट्रोल-डीजल बिक्री के लिए मात्रा निर्धारित किया गया है, उसके अनुसार ट्रेलर को 100 लीटर, 18 चक्का वाहन को 80 लीटर, 12 से 16 चक्का वाहन को 60 लीटर, 06 चक्का वाहन को 40 लीटर, एसयूवी/कार को 20 लीटर और कृषि कार्य के लिये ट्रेक्टर, हार्वेस्टर को 50 लीटर उपलब्ध कराया जाएगा।

### पदोन्नति प्रक्रिया 30 जून तक पूर्ण कराने संगठन का प्रयास

खरोरा। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा प्रदेश के सभी पांचों संभाग एवं 33 जिलों में शिक्षकों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु लगातार सतत प्रयास किया जा रहा था। संगठन द्वारा समय-समय पर शासन, प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर, बैठकों के माध्यम से तथा जिला एवं संभाग स्तर पर संवाद स्थापित कर कई संभागों में छोटे-बड़े आंदोलन कर पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की जाती रही है। वर्तमान में जो शिक्षा में शिक्षा के स्तर में जो गिरावट आई है इसका प्रमुख कारण पर्याप्त शिक्षकों की कमी और शिक्षकों की गैर शिक्षक की कार्य के कारण, गुणवत्ता कम हुई है जो की पदोन्नति होने से, शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार होगा, आज लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्र में समस्त संभागीय संयुक्त संचालकों एवं जिला शिक्षा अधिकारियों को शिक्षक संवर्ग एवं लिपिक वर्ग के रिक्त, स्वीकृत तथा कार्यरत पदों की जानकारी निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने एवं 30 जून तक पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।



### वट सावित्री पर पति की दीर्घायु के लिए की आराधना



खरोरा। आज वट सावित्री व्रत रख महिलाओं ने पति की दीर्घायु कामना की। यह व्रत ज्येष्ठ मास कि अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। इस बार शनिवार को पड़ा। आज वट सावित्री पर महिलाओं में व्रत रख वर वृक्ष की पूजा की। इसके पश्चात विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा व परिक्रमा के बाद सावित्री एवं सत्यवान पर आधारित कथा मंगल आरती कर पति के दीर्घायु एवं अखंड सौभाग्य के लिए कामना की। सुहागिनों द्वारा महापर्व वटवृक्ष आज विभिन्न स्थानों पर स्थित पेड़ पेड़ की पूजा अर्चना कर अपने पति के लम्बी उम्र की कामना की। बरगद पेड़ के नीचे बैठकर सुहागिन महिलाएं बरगद पेड़ की सफेद धागा को लपेट कर ग्राम पुरोहितों के वैदिक मंत्रोचारण के बीच विधि विधान से पूजा पाठ किया। इस मौके पर पूजा सामग्रियों सहित मौसमी फल व मौसम संबंधी अन्य सामग्रियां वट वृक्ष को अर्पित कर दिनभर श्रद्धा-भक्ति का वातावरण निर्मित रहा।

## जिले में मना 11वां राष्ट्रीय डेंगू दिवस

# साफ-सफाई, मच्छरों की रोकथाम के साथ बचाव का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय डेंगू दिवस जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल में मनाया गया । इसके तहत समुदाय में डेंगू रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए गांव में परिचर्चा एवं बैठकों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।इसमें डेंगू से बचाव के लिए आसपास साफ- सफाई रखना लक्षण होने पर तत्काल अस्पताल में संपर्क करने, मच्छरों को पनपने से रोकने जैसे बिंदुओं पर लोगों का ध्यान आकर्षित कराया गया।




प्रमुख रूप से जिले में चल रहे सुशासन तिहार अंतर्गत पलारी के ग्राम कुसमी में आयोजित शिविर में आए आम जनों को भी जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी के अनुसार 11 वें राष्ट्रीय डेंगू दिवस का थीम है -डेंगू नियंत्रण में सामुदायिक भागीदारी- जांच करें, सफाई करें और ढकें। कार्यक्रम में जागरूकता के साथ-साथ स्रोत नियंत्रण में भी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने कार्य किया।

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ पंकज वर्मा ने बताया कि,वर्षा ऋतु में डेंगू फैलने की संभावना रहती है। अतः संभावित प्रकोप के रोकथाम के लिए मानसून पूर्व सभी रोकथाम एवं नियंत्रण गतिविधियों को सुदृढ़ किया जाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से प्रति वर्ष 16 मई को "राष्ट्रीय डेंगू दिवस" के रूप में मनाया जाता है। जिले में 2025 में 9 एलिसा पॉजिटिव केस थे जो सभी पलायन से आये हुए लोगों में पाया गया था जबकि इस वर्ष अब तक दो एलिसा पॉजिटिव केस मिले हैं। यहाँ सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला अस्पताल में डेंगू के जांच की सुविधा उपलब्ध है ।

### परसदा में वट सावित्री पूजा हुई

**खरोरा**। ग्राम पंचायत परसदा कनकी में वट सावित्री पूजा का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। ग्राम की महिलाओं द्वारा गांव तालाब पार स्थित वट वृक्ष के पास एकत्रित होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर अपने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। पूजा कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने व्रत एवं पूजा संपन्न कर धार्मिक वातावरण बनाया।



## खबर संक्षेप



### अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

सेल। क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान हैं। दिन और रात में अघोषित बिजली कटौती करने का कोई निश्चित समय नहीं रहता हैं। एक तरफ ग्रामीणों ने भीषण गर्मी से हलकान होना पड़ रहा हैं। आसमान के किरण चुभने लगा है। बिजली कटौती का आंख मिचौली किया जा रहा हैं। एक तरफ बिजली बिल बढ़ोतरी ऊपर से ग्रामीणों को निश्चित समय पर पर्याप्त मात्रा बिजली नहीं मिल रहा हैं। भीषण गर्मी में व्याकुल होना पड़ रहा हैं। लाइट को चुरुस्त दुरुस्त नहीं किया जा रहा हैं सिर्फ ज्यादा ज्यादा बिजली बिल भेजने का काम किया जा रहा हैं। सिर्फ बिजली कटौती में फाल्ट होने पर खानापूर्ति किया जाता हैं। अघोषित बिजली कटौती करने से ग्रामीणों ने आक्रोशित हैं। बत्ती गुल होने का कोई निश्चित समय नहीं है।

### देश लाक डाउन की ओर बढ़ रही है - पप्पू अली

सिमगा। अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने प्रेस वर्ता में कहा कि खाड़ी देशों में युद्ध का असर छत्तीसगढ़ में दिखने लगा है। अब तक गैस संकट का मार झेल



रही जनता अब डीजल संकट के दौर से गुजरने लगी है। आने वाले समय में महंगाई भी बढ़ने वाली है। गैस पेट्रोल डीजल का रेट बढ़ाने के साथ साथ कड़की का दौर शुरू हो गया है। मानव जीवन एवं उनके दिनचर्या पर बिजली, गैस, डीजल, पेट्रोल का अहम भूमिका होता है, जिसे भाजपा की सरकार नियंत्रित रखने में फेल हो गई है। लोगों को उनके आवश्यकता के अनुरूप यह समाग्री नहीं मिल पा रही है। एजेन्सियों में कतारे लगने लगी है। आने वाले दिनों में सभी वस्तुओं के दाम फिर बढ़ेंगे एवं गरीबों की कमर टुटने लगेगी।ॉ

# विद्यार्थियों की रुचि अनुसार व्यवहारिक प्रशिक्षण देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा के तत्वावधान में जिले के सभी विकासखंडों में 10 दिवसीय तकनीकी उन्मुखीकरण कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शनिवार को शासकीय हाई स्कूल कुसमी के समर कैम्प का अवलोकन किया।उन्होंने विद्यार्थियों से प्रशिक्षण के बारे में जानकारी और रूचि अनुसार व्यहारिक प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों का ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से पूरे मनोयोग एवं लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा सीखने की प्रक्रिया को निरंतर बनाए रखने कहा।यह उन्मुखीकरण कार्यक्रम जिले के विभिन्न विकासखंडों के चयनित विद्यालयों में 16 मई से 25 मई तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के लिए चयनित विद्यालयों में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नयापारा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गुड़ेलिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी तथा भटभेरा शामिल हैं।इस दौरान सी ई ओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सहायक संचालक परियोजना के.एस. मरावी, डीएमसी नरेंद्र वर्मा, जिला विज्ञान क्लब अध्यक्ष कौशिक मुनी त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### समर कैम्प का कलेक्टर ने किया अवलोकन



### रोबोटिक्स, ड्रोन एवं एआई की दी जा रही जानकारी

समर कैम्प में बच्चों को आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक्स, ड्रोन, 3डी प्रिंटिंग, कोडिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से परिचित कराया जा रहा हैं।कार्यक्रम के प्रथम दिवस जिलेभर से लगभग 400 विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता दर्ज की गई। विद्यार्थियों में आधुनिक तकनीकों को सीखने एवं समझने के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को ड्रोन संचालन, रोबोटिक्स मॉडल निर्माण, 3D प्रिंटिंग की प्रक्रिया, बेसिक कोडिंग एवं AI आधारित तकनीकों की व्यवहारिक जानकारी दी जा रही है।कार्यक्रम केसंचालन हेतु प्रत्येक विकासखंड में दो-दो प्रशिक्षकों (ट्रेनर्स) की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही विज्ञान गतिविधियों के सुचारु संचालन एवं विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक विकासखंड में जिला विज्ञान क्लब के दो-दो सदस्यों की भी ड्यूटी लगाई गई है।

### आयोजन : मंत्री टंकराम वर्मा हुए शामिल, 200 से अधिक पूर्व विद्यार्थियों की सहभागिता

# 'एलुमनी मीट 2026' में जुटे पूर्व छात्र यादों के साथ सजी सांस्कृतिक संध्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार







शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 15 मई 2026 को ''एलुमनी मीट 2026'' के तहत भूतपूर्व छात्रों का स्नेह सम्मेलन उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 पूर्व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 5.30 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर पूर्व छात्रों का शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। प्राचार्य डॉ. ए.के. उपाध्याय ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं डॉली निशांत शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन दिया।

कार्यक्रम संयोजक सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा के साथ पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, परमेश्वर यदु, विजय केशरवानी, मोतीलाल वर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

भूतपूर्व छात्रों में डॉ. विमल गोविदानी, डॉ. राजेश मिश्रा, राजकमल मिश्रा, प्रदीप वाजपेयी, एस.एम. पाध्ये, डॉ. ब्रम्हानंद मार्कडेय, ऋतुपर्ण नामदेव, दुर्गेश वर्मा, संदीप पाण्डेय, हितेंद्र ठाकुर, डॉ. अशोक वर्मा, डॉ. नरेन्द्र जैन, एस.एल. नेगी, डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. बाल्मिकी साहू, चन्द्रकांत जलहरे, लक्ष्मी नारायण जलहरे, नीरज बाजपेयी, अरविंद मिश्रा, किरण वर्मा, सुरेश साहू, दिलीप महेश्वरी, शीतल पटेल, फूलचंद साहू, पंकज साहू सहित सैकड़ों पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन में विशेष आकर्षण जोड़ा। गीत-संगीत की प्रस्तुति के बीच मंत्री टंकराम वर्मा ने भी गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में मधुरता घोली। आयोजन में सभी के लिए रात्रि भोज की भी व्यवस्था की गई।

महाविद्यालय परिवार के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. ए.के. उपाध्याय, डॉ. रीता यादव एवं डॉ. राजेंद्र वर्मा ने किया। पंजीयन कार्य डॉ. सुशीला गिलहरे, ग्लैडिस सिम्मी मिंज एवं तारा पटेल द्वारा किया गया। स्वागत व्यवस्था प्रो. अनिता टंडन एवं प्रो. ज्योति दीवान ने संभाली।

भोजन व्यवस्था में मोहन लाल वर्मा, जयंत मिंज, अभिषेक बंजारे, डॉ. अजय कुमार औधेलिया, रूपेश देवांगन, सुषमा दीवान, नरेन्द्र देव मिर्झा, नरोत्तम नेताम एवं नरेश ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

# बलौदाबाजार पहुंचे विकास उपाध्याय का कांग्रेस ने किया जोशीला स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय के जिला मुख्यालय आगमन पर स्थानीय गार्डन चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम गिरी ने किया।

- पेट्रोल-डीजल मूल्यवृद्धि को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पुष्प मालाओं के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकास उपाध्याय ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों के चुनाव समाप्त होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को महंगाई का "उपहार" दिया है, जिससे आम नागरिकों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ती ईंधन कीमतों के कारण आवश्यक वस्तुओं के दाम भी बढ़ रहे हैं, जिससे आम जनता को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश वर्मा, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विक्रम पटेल, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, मनोज प्रजापति, निलेश बंजारे, धर्मेंद्र वर्मा, सुभाष राव, ईश्वर कुर्रे, राजा रजक, हर्ष, रॉकी, पवित्रा बंजारे, रूपेश कुर्रे, रोहन, मनोज, कमल, सुरेंद्र, प्रकाश सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनी शनि जयंती, भक्तों की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



नगर के गौरव पथ स्थित शनि मंदिर में शनिवार को शनि जयंती का पर्व धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष शनि जयंती, ज्येष्ठ अमावस्या एवं वट सावित्री व्रत का दुर्लभ संयोग बना, जिसे लगभग 13 वर्षों बाद विशेष माना जा रहा है।

प्रातः 5 बजे मंदिर में आरती के साथ पूजा-अर्चना का शुभारंभ हुआ। मंदिर को आकर्षक ढंग से रंग-रोगन कर फूलों एवं विद्युत सज्जा से सजाया गया था। तड़के से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और दिनभर दर्शन-पूजन का सिलसिला जारी रहा।

वहीं, सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री व्रत रखकर बरगद वृक्ष की पूजा की। उन्होंने वृक्ष की परिक्रमा करते हुए धागा बांधा तथा सत्यवान-सावित्री की कथा सुनी। शनि जयंती पर तैलाभिषेक का विशेष महत्व होने से भक्तों ने तिल के तेल, काले तिल एवं वस्त्र अर्पित कर शनिदेव की पूजा की।

मंदिर में गौरी-गणेश पूजन, कलश स्थापना, नवग्रह पूजन सहित विविध वैदिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इसके पश्चात शनिदेव का पंचामृत से अभिषेक कर तैलाभिषेक किया गया तथा उन्हें नवीन वस्त्र एवं चांदी का मुकुट धारण कराया गया। हवन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारा एवं शर्बत वितरण की व्यवस्था भी की गई।

कार्यक्रम में अनिल गुप्ता, मनोज केड़िया, सतीश जायसवाल, पंकज साहू, बुधराम अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सहयोग प्रदान किया। शनि मंदिर समिति के मोहन साहू, माखन वर्मा, अजय अग्रवाल, लखेश साहू, राजेंद्र सोनी, अनिल साहू, बिल्लू केड़िया, रिखी वर्मा, जगत साहू, गिरवर वैष्णव आदि सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर भजन-कीर्तन, शनि चालीसा पाठ एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

# पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण करने पहुंची खाद्य विभाग की टीम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

जिले में पेट्रोल एवं डीजल की निर्बाध आपूर्ति एवं वितरण सुनिश्चत करने हेतु राजस्व व खाद्य विभाग के टीम द्वारा पेट्रोल पम्प का निरीक्षण किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत स्वास्तिक कंपनी, श्याम ऑटोज, राधेश्याम फ्यूल्स का निरीक्षण किया गया।

सहायक खाद्य अधिकारी लक्ष्मण कश्यप ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों और उसके कर्मचारियों को पेट्रोल, डीजल नियमानुसार वाहनों मे देने व निर्देशों का सख्ती से पालन करने हिदायत दी गई। उपस्थित उपभोक्ताओं को अवगत कराया गया कि पेट्रोल डीजल के नियमित और पर्याप्त आपूर्ति हो रही है। आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं होने के संबंध में आमजनों को जानकारी दी गई और अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही गई। जिला प्रशासन द्वारा एलपीज़ी एवं पेट्रोल-डीजल की जिले में निर्बाध आपूर्ति व वितरण व्यवस्था हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं ताकि उपभोक्ताओं को कोई दिक्कत न हो।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में 20 को बंद रहेगी मेडिकल दुकानें



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

देशभर में ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में 20 मई को ऑल इंडिया स्तर पर दवा दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया गया। इसी कड़ी में जिला बलौदा बाजार-भाटापारा ड्रग एसोसिएशन ने भी समर्थन देते हुए जिले की सभी मेडिकल दुकानों को बंद रखने की घोषणा की है।

- मेडिकल संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, सख्त नियमों की मांग की

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे मेडिकल व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। साथ ही बिना उचित चिकित्सकीय परामर्श के दवाइयों की उपलब्धता से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है।

उन्होंने कहा कि दवा एक संवेदनशील विषय है, जिसमें मरीज को फार्मासिस्ट की सलाह और सही मार्गदर्शन आवश्यक होता है। ऑनलाइन माध्यम में कई बार बिना पर्याप्त जांच-पड़ताल के दवाइयों की बिक्री हो जाती है, जिससे नियमों के उल्लंघन की संभावना बढ़ जाती है।

एसोसिएशन के अनुसार 20 मई को बलौदा बाजार शहर सहित आसपास के क्षेत्रों की अधिकांश मेडिकल दुकानें बंद रहेंगी। हालांकि, आपातकालीन सेवाओं को ध्यान में रखते हुए कुछ स्थानों पर वैकल्पिक व्यवस्था रखी गई है। ड्रग एसोसिएशन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था पूर्व में ही कर लें, ताकि बंद के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियम लागू कर स्थानीय व्यापारियों के हितों की रक्षा करने की मांग भी की गई है।

## पेज 11 के शेष

### तलवारनुमा चाकू लहराकर ...

एक शातिर आरोपी को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आज बलौदाबाजार पुलिस के समाधान सेल को सूचना मिली कि ग्राम भाठागांव (कोकडी) में एक युवक हाथ में बड़ा सा तलवारनुमा चाकू लेकर आने-जाने वाले राहगीरों को डरा-धमका रहा है और इलाके में भय का माहौल बना रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस की एक विशेष टीम तुरंत एक्शन में आई और तत्काल ग्राम भाठागांव (कोकडी) के लिए रवाना हुई।पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तत्परता दिखाते हुए आरोपी महेश्वर उर्फ डीके 27 साल निवासी ग्राम भाठागांव, थाना सिटी कोतवाली, बलौदाबाजार को चारों तरफ से घेरकर हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से डराने-धमकाने में इस्तेमाल किया गया खतरनाक तलवारनुमा चाकू भी जब्त कर लिया है। इस मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

### पीएम की अपील ...

अपनाने, महिलाओं को गैस व खाद्य तेल का कम उपयोग करने तथा सोना व विदेश यात्रा से बचने जैसी सलाहें व्यवहारिक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में उर्वरक की भारी कमी बनी हुई है। राज्य में 15 लाख मीट्रिक टन की आवश्यकता के मुकाबले बहुत कम मात्रा ही उपलब्ध हो पाई है, जिससे किसानों की उत्पादन क्षमता प्रभावित हो रही है। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, वरिष्ठ नेता परमेश्वर यदु, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल, जिला महामंत्री रामकुमार साहू, आर्यन शुक्ला, जितेंद्र नवरत्न, सिद्धांत मिश्रा, बलौदाबाजार ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष दीपक साहू, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, विजय साहू, शरद शुक्ला, अजय भारती, संजय सोनी, नीरज बांधे, विक्रम गिरी, मनोज प्रजापति, नीलेश बंजारे, धर्मेंद्र वर्मा व सभी कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### घर में घुसकर ...

गंभीर चोटें आई थीं। महिला की शिकायत पर पलारी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(3), 115(2), 333, 190 और 191(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने घटना के वक्त मौजूद गवाहों और ग्रामवासियों से कड़ाई से पूछताछ की। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने वारदात में संलिप्त 6 आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान सभी आरोपियों ने तालाब विवाद को लेकर घर में घुसकर मारपीट करने का जुर्म कबूल कर लिया।

पुलिस ने शनिवार को सभी 6 आरोपी सदेशन चंदेल 36 वर्ष, बबीता चंदेल 33 वर्ष, अनुसूईया चंदेल 32 वर्ष, प्रभा चंदेल 30 वर्ष, सीमा बंजारे 40 वर्ष और शशि चंदेल 28 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी सभी ग्राम गातापार, थाना पलारी के निवासी हैं। पलारी पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा है।



**खबर संक्षेप**

### भालेसुर में मोबाइल नेटवर्क की समस्या से ग्रामीण परेशान

**हिरमी रावन।** बलौदाबाजार जिले के ग्राम भालेसुर में इन दिनों मोबाइल नेटवर्क की गंभीर समस्या से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में कई स्थानों पर मोबाइल टावर का सिग्नल नहीं मिलने के कारण लोगों का संपर्क व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि फोन कॉल बार-बार कट जाती है तथा इंटरनेट सेवा भी ठीक से संचालित नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने संबंधित दूरसंचार कंपनी एवं प्रशासन से गांव में बेहतर नेटवर्क सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि गांव में नया मोबाइल टावर स्थापित किया जाए अथवा पुराने नेटवर्क सिस्टम को मजबूत किया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

### पेट्रोल की बढ़ती कीमत और कमी को लेकर होगा प्रदर्शन

**सुहेला।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी suhela के नवगठित पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाद पहली विशेष बैठक का आयोजन रविवार 17 मई को सुबह 11 बजे कुर्मी भवन सुहेला में किया गया है। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसजन, जिला कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, बूथ, सेक्टर एवं जोन प्रभारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला के अध्यक्ष भानु प्रताप वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक के दौरान क्षेत्र में पेट्रोल की बढ़ती कीमतों एवं पेट्रोल की कमी (शॉर्टेज) को लेकर चर्चा की जाएगी। साथ ही आम जनता को हो रही परेशानियों के विरोध में सुहेला स्थित पेट्रोल पंप के सामने धरना-प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती कीमतों और समय पर पेट्रोल उपलब्ध नहीं होने से आम नागरिकों, किसानों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ता इस मुद्दे को लेकर विरोध दर्ज कराएंगे।

### पेट्रोल-डीजल की कमी का राष्ट्र विरोधी ताकतें देश में फैला रही अफवाह

**बलौदाबाजार।** भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक व भारत माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लोगों से डीजल-पेट्रोल की संयमित उपयोग कर विदेशी मुद्रा की बचत के आह्वान पश्चात जगह- जगह पेट्रोल पंपों में लंबी कतारें लगने व डीजल-पेट्रोल की शार्टेज होने का चौंकाने वाला न्यूज प्राप्त हो रहा है।



इस विषय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री धुरंधर ने कहा कि जब ईरान और अमेरिकी युद्ध के दौरान पेट्रोल पंपों पर किसी को लाइन लगाने की जरूरत भी नहीं पड़ी तो युद्ध के बाद समझौता हेतु वार्ता काल में डीजल-पेट्रोल के अभाव की बात समझ से बिल्कुल परे है। उन्होंने इस मुद्दे पर सावधानी बरतने का आह्वान करते कहा कि कहीं राष्ट्र विरोधी ताकतें देश में अफवाह फैलाकर अफ़रा-तफ़री का माहौल पैदा कर अनुचित लाभ उठाने का अवसर ढूंढने में तो नहीं लगी हुई हैं।






## पर्व : परिक्रमा कर मां सावित्री को श्रृंगार सामान समर्पित किया

# सुहागिनों ने बरगद की पूजा कर मांगी पति की दीर्घायु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

अंचल क्रे हिरमी, मोहरा, भालेसुर सहित आसपास की गावों में सुहागिन महिलाओं ने अटूट सौभाग्य और पति की लंबी आयु का प्रतीक वट सावित्री व्रत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और अपने वैवाहिक जीवन में सुख-शांति की कामना की। पूजा की विधि और परंपरा सुबह से ही वट वृक्षों के नीचे महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। व्रती महिलाओं ने वट वृक्ष को जल अर्पित कर उस पर कच्चा सूत लपेटते हुए सात बार परिक्रमा की। महिलाओं ने वट वृक्ष में धागे बांधकर अपने पति के दीर्घायु होने का वरदान मांगा। पूजा के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को फल, भीगे चने और मिठाई का प्रसाद वितरण किया गया। सत्यवान-सावित्री की कथा का श्रवण धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प और पातिव्रत्य धर्म से यमराज को पराजित कर अपने पति सत्यवान के प्राण वापस ले लिए थे। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए पूजा स्थल पर महिलाओं ने सत्यवान और सावित्री की कथा सुनी। इन महिलाओं ने रखा उपवास इस पावन अवसर पर मुख्य रूप से सीमा वर्मा, टाकेश्वरी साहू, रेणु वर्मा, अंकिता वर्मा, कुसुम श्रध्दा वर्मा, पूजा साहू, कुसुम जायसवाल और भुनेश्वरी पटेल सहित अनेक सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर सामूहिक रूप से पूजा संपन्न की। व्रति महिलाओ ने कही यह व्रत हमारे लिए अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। वट वृक्ष की आयु लंबी होती है, इसीलिए हम प्रार्थना करती हैं कि हमारे पति की आयु भी इसी वृक्ष की भांति दीर्घ हो।



### वट सावित्री पर महिलाओं ने की बरगद पेड़ की पूजा

**सेल।** वट सावित्री पर ग्राम सेल में सुतियापारा, करंजपारा, डीहपारा, गुड़ीपारा एवं सड़कपारा की महिलाओं ने बरगद एवं पीपल वृक्ष की पूजा परिक्रमा की एवं मां सावित्री को श्रृंगार सामान समर्पित कर अखंड सौभाग्यवती का आशीर्वाद मांगा, उसके बाद भागवत प्रवक्ता पं. कीर्तिकुमार पाण्डेय ने सभी को वट सावित्री की कथा सुनाई। आचार्य ने बताया की पूर्व समय में मद्र देश में अश्वपति नाम के राजा थे, जिनकी कोई संतान नहीं थी। यज्ञ द्वारा ईश्वर कृपा से उन्हें कन्या रत्न की प्राप्ति हुईं। वहीं सर्वगुण संपन्न कन्या सावित्री के नाम से जानी गई। सावित्री का विवाह सत्यवान के साथ हुआ, जो अल्प आयु के थे, उसके बाद भी सावित्री ने उनसे विवाह किया, उसे अपनी पतीव्रत धर्म पर पूरा विश्वास था। बताये समय अनुसार जब सत्यवान की मृत्यु का समय आया, तब सावित्री ने तीन दिनों तक निर्जला व्रत रख अमावस्या को जब सत्यवान की मृत्यु हुईं



तब सावित्री यमराज के साथ पीछे चल पड़ी। यमराज के समझाने पर भी वापस नहीं लौटी, उसकी धर्म परायणता को देखकर यमराज को भी नतमस्तक होना पड़ा और सत्यवान को नया जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया, तब से माताओं ने पति की लम्बी उम्र के लिए इस व्रत को रखना आरम्भ किया। आज की पूजा में मुख्य रूप से अनुसूईया (गौरी) पाण्डेय, रोशनी पाण्डेय, पुष्पा साहू, माधुरी साहू, मंदाकिनी वैष्णव सहित ग्राम की सैकड़ों माताएं बहनें सम्मिलित रही थीं।

### महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए रखा वट सावित्री का व्रत

**भवानीपुर।** क्षेत्र सहित आस-पास के ग्रामीण इलाकों में वट सावित्री का पावन पर्व बेहद श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। भवानीपुर के अलावा खपरी, रीवाडीह, भरुवाडीह, हरिनभट्ट, सहाड़ा, वटगन, सिसदेवरी, दतरेंगी, गिधपुरी, कुची, जुनवानी, सुंदरी, सुंदरवन, ओडान और सेमरिया सहित विभिन्न गांवों में सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, अखंड सौभाग्य और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखा।

■ बरगद की पूजा-अर्चना की, कहा- बरगद में ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवताओं का वास

प्रातः काल से ही महिलाओं में भारी उत्साह देखा गया। स ज - ध ज क र सुहागिनें पूजन सामग्री जैसे फूल-माला, मिठाई, अक्षत, आम, केला, रक्षा सूत्र और मधुर पकवान लेकर वट वृक्ष (बरगद के पेड़) के पास पहुंचीं। वहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और वृक्ष की परिक्रमा कर अपने पति, बच्चों और पूरे गांव की खुशहाली की कामना की।

**बरगद में होता है 'त्रिदेव' का वासः** इस अवसर पर पंडित उमाशंकर तिवारी एवं पुष्पा तिवारी ने महिलाओं को वट सावित्री व्रत की पौराणिक कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, बरगद के पेड़ में ब्रह्मा, विष्णु



और महेश तीनों देवताओं का वास होता है। इसी वृक्ष के नीचे यमराज ने सावित्री के पतिव्रता धर्म से प्रसन्न होकर सत्यवान के प्राण लौटाए थे। यही कारण है कि इस व्रत में बरगद के पेड़ की विशेष पूजा की जाती है और उसकी परिक्रमा करके अखंड सुहाग की कामना की जाती है। इस पावन अवसर पर क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पूजा-अर्चना के दौरान मुख्य रूप से प्रीति झा, पुष्पा तिवारी, खुशबू चंद्राकर, तनु चंद्राकर, भुनेश्वरी शर्मा, मिनी कंचन, रोमा, ममता, सिमरन चंद्राकर, सरिता, पूजा, मोनिका चंद्राकर, कल्पना साहू, पल्लवी साहू सहित भारी संख्या में अंचल की महिलाएं और युवतियां उपस्थित रहीं।

### महिलाओं ने परिवार के सुख समृद्धि के लिए रखा वट सावित्री व्रत





**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** अंचल के भाठागांव, कोकड़ी, रिसदा, पुरान, ठेलकी, चिचोली, खम्हरिया, चांपा, पौंसरी, सैहा, गुमा, गितकेरा, औंरासी, चुचरूंगपुर, छिराही, सरेसेनी, खपराडीह, चंडी, पिपराही, सेम्हराडीह, सरकीपार, ढ़नढ़नी, खैरवारडीह और भरूवाडीह में महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत रखा। इस दौरान कथा का श्रवण किया।

## महिलाओं ने पतियों की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना की

**लवन।** क्षेत्र में वट सावित्री व्रत का पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष (बरगद) के नीचे एकत्र होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने अपने पतियों की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना की।

सुबह से ही महिलाएं सोलह श्रृंगार कर व्रत के लिए वट वृक्ष के पास पहुंचीं। पूजा स्थल को साफ कर रंगोली बनाई गई। महिलाओं ने वृक्ष के तने पर कच्चा सूत लपेटकर परिक्रमा की और वट सावित्री व्रत कथा का श्रवण किया। इस दौरान उन्होंने सावित्री-सत्यवान की कथा सुनते हुए अपने वैवाहिक जीवन की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। पूजा के दौरान महिलाएं पारंपरिक परिधानों में थीं। उन्होंने थाल में फल, फूल, मिष्ठान, जल और अन्य पूजन सामग्री लेकर विधिवत पूजन किया। वट वृक्ष को भगवान विष्णु, ब्रह्मा और महेश का प्रतीक मानते हुए उसकी पूजा की गई। ऐसी मान्यता है कि यह व्रत करने से पति की आयु बढ़ती है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।



इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को व्रत की शुभकामनाएं दीं। सामूहिक रूप से पूजा कर उन्होंने सामाजिक एकता का भी परिचय दिया। कई स्थानों पर कथा और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। यहां महिलाएं समूह बनाकर वट वृक्ष के नीचे एकत्र हुईं। पूजा संपन्न होने के बाद प्रसाद वितरण किया गया और व्रत का पारण किया गया। वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो पति-पत्नी के अटूट संबंध और नारी के समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में धार्मिक और पारंपरिक माहौल बना रहा।

### वट सावित्री व्रत श्रद्धा और उत्साह के साथ मना

**सुहेला।** क्षेत्र में वट सावित्री व्रत गुरुवार को श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु एवं सुख-समृद्धि की कामना करते हुए विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों एवं वट वृक्षों के आसपास महिलाओं की भीड़ देखी गई, जहां उन्होंने पूजा सामग्री के साथ व्रत रखकर कथा श्रवण किया। महिलाओं ने वट वृक्ष के चारों ओर सूत का धागा बांधकर परिक्रमा की तथा सावित्री-सत्यवान की कथा सुनते हुए अखंड सौभाग्य की कामना की। इस दौरान पारंपरिक परिधान एवं श्रृंगार में महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कई स्थानों पर सामूहिक पूजा एवं भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर धर्मविद नलिनी द्विवेदी ने कहा कि वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति, नारी शक्ति और पारिवारिक मूल्यों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि माता सावित्री के तप, समर्पण और दृढ़ संकल्प से हमें परिवार के प्रति निष्ठा एवं संस्कारों को सहेजने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने महिलाओं से भारतीय परंपराओं एवं धार्मिक संस्कारों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का आह्वान किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार वट सावित्री व्रत को अखंड सौभाग्य और पारिवारिक सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। महिलाओं ने एक-दूसरे को व्रत की शुभकामनाएं देते हुए परिवार की खुशहाली की कामना की। क्षेत्र के मंदिरों में भी दिनभर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। उक्त अवसर पर गायत्री वर्मा, दिव्या मानिकपुरी, ईशवरी ठाकुर, रेखा, सुनिता, लक्ष्मी, शिवानी, वीणा चंद्रवंशी सहित व्रती महिलाएं उपस्थित थी।



### महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा



**खरोरा।** ग्राम मांठ में सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री व्रत रख कर वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। पौराणिक कथा के अनुसार आज ही के दिन पतिव्रता सावित्री ने अपने पति के प्राण यमराज से वापस पाए थे। इसलिए ज्येष्ठ अमावस्या को सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुख समृद्धि के लिए वट सावित्री व्रत रखते हैं। वट सावित्री पूजा में जनपद पंचायत तिल्दा के उपाध्यक्ष दुलारी सुरेन्द्र वर्मा, निर्मला वर्मा, शकुन मिश्रा, भारती वर्मा, मोगरा धीवर, सविता यादव, लक्ष्मी निर्मलकर सहित सुहागिन महिलाएं शामिल थीं।

## न्यायालय के आदेश पर बिल्डर्स ने दिया मार्ग

# 9 साल बाद खुला रास्ता, पीड़ित पक्ष को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

लंबी कानूनी जद्दोजहद और इंतजार के बाद आखिरकार पीड़ित पक्ष को अपने खेतों तक पहुंचने का रास्ता मिल गया। न्यायालय के सख्त आदेश के बाद संबंधित बिल्डर्स ने मार्ग खोल दिया, जिससे पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली है।

जानकारी के अनुसार, प्रतिष्ठा कॉलोनी के निर्माण के दौरान नगर के व्यवसायी मधु सर्राफ एवं उनकी छह बहनों के छुईहा नहर के नीचे स्थित खेतों तक जाने का मार्ग बंद कर दिया गया था। इसके खिलाफ मधु सर्राफ ने अपने अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव के माध्यम से न्यायालय में रास्ते के सुखाधिकार (मार्गाधिकार) का मामला दायर किया था।



करीब 9 वर्षों की लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद 30 जुलाई 2024 को न्यायालय ने मधु सर्राफ एवं उनकी बहनों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए मार्गाधिकार प्रदान किया। इसके बावजूद बिल्डर्स द्वारा रास्ता उपलब्ध नहीं कराए जाने पर पीड़ित पक्ष ने डिक्री के निष्पादन हेतु पुनः न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

विचारण न्यायालय ने अब 30 अप्रैल को सख्त आदेश पारित करते हुए 11 मई को बिल्डर्स को नोटिस जारी किया और 15 मई तक मार्ग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। न्यायालय के निर्देशों के पालन में 15 मई को मधु सर्राफ अपनी बहनों आरती, अंजू एवं परिजनों के साथ खेतों तक पहुंचे। पुराना मार्ग अवरुद्ध होने के कारण वैकल्पिक रास्ते से प्रतिष्ठा कॉलोनी के गेट होते हुए एमआर-16 मार्ग से खेतों तक पहुंच सुनिश्चित की गई। इस दौरान बिल्डर्स ने कोई आपत्ति नहीं जताई और न्यायालय के आदेश का पालन किया। वर्षों बाद रास्ता मिलने से पीड़ित परिवार में संतोष का माहौल है।

**पाठक सूचना**

कसडोल एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें

संवाददाता : गणेश शंकर साहू

रूद्र न्यूज एजेंसी
पता : कसडोल
मो. 8959020002